सेप्टिक टैंक हादसा प्रकरण : मृतक के भाई ने दर्ज करवाया मामला

खाचरियावास ने मांगा एक-एक करोड़ का मुआवजा

जयपुर। सांगानेर सदर थाना इलाके में स्थित सीतापुरा में सेप्टिंग टैंक में दम घुटने से चार लोगों की मौत के मामले में मृतक के भाई ने मामला दर्ज करवाया है। इस मामले में खाचरियावास ने सरकार और पुलिस से फैक्ट्री मालिक से मृतकों के परिजनों को एक-एक करोड़ रुपए का मुआवजा दिलाने की मांग की है।

एसीपी जयपुर सुरेंद्र कुमार ने बताया कि मृतक के भाई ने शिकायत दर्ज कराई है और जांच की जा रही है। एफएसएल की टीम जांच के लिए मौके पर पहुंची है।

गौरतलब है कि सीतापुरा औद्योगिक क्षेत्र स्थित ज्वैलरी जोन में सोमवार रात करीब साढ़े आठ बजे अचल ज्वैलर्स प्राइवेट लिमिटेड में करीब 10 फीट गहरे सेप्टिक टैंक में मिट्टी से सोना निकालने उतरे चार मजदूरों की जहरीली गैस से मौत हो गई। चार अन्य मजदूर बेहोश हो गए, जिन्हें निजी हॉस्पिटल में पहुंचाया गया। बेहोश होने वाले दो मजदूरों की हालत गंभीर होने पर भर्ती कर लिया, जबकि दो मजदूरों को होश आने पर प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी। इस मामले से राजनीतिक गलियारों में भी गरमी छा गई है। मामले के प्रकाश में आने के बाद कांग्रेस के दिग्गज नेताओं ने भाजपा की भजनलाल सरकार पर निशाना साधा।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता प्रताप सिंह खाचरियावास ने इस मामले में भाजपा सरकार की घेराबंदी करते हुए अपने सोशल अंकाउट एक्स पर लिखा कि सीतापुरा इंडस्ट्रियल एरिया ज्वैलरी जोन में जहरीली गैस से दम घुटने से 4 मजदूरों की मौत बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण व मानवता को शर्मसार करने वाली घटना है। यह घटना फैक्ट्री के मलिकों की घोर लापरवाही व लालच का नतीजा है। सोने-चांदी के कण ढूंढ़ने के लिए रात को 8 मजदूरों को सेप्टिक टैंक में बिना किसी सेफ्टी के उतार दिया जाता है जहां जहरीली गैस से दम घुटने से उनकी मौत हो जाती है। सरकार व पुलिस से अपील करता हूं कि मजदूरों के परिवार को 1-1 करोड़ की आर्थिक सहायता फैक्ट्री मालिक से दिलवाए क्यूंकि इस घटना में पूरी तरह से फैक्ट्री मालिक जिम्मेदार है।

■ **सांगानेर सदर थाना इलाके में स्थित सीतापुरा में सेप्टिंग टैंक में दम घुटने से चार लोगों की मौत का मामला**

गोविन्द सिंह डोटासरा ने कहा कि बीकानेर के बाद जयपुर के सीतापुरा औद्योगिक क्षेत्र में सेप्टिक टैंक की सफाई के दौरान 4 सफाईकर्मियों की दम घुटने से दर्दनाक मृत्यु की खबर अत्यंत दु:खद है।

यह भाजपा सरकार की घोर लापरवाही एवं सफाईकर्मियों की सुरक्षा के लिए बने नियमों के प्रति सरकार की उदासीनता है। बार-बार ऐसे हादसे हो रहे हैं लेकिन सरकार कोई परवाह नहीं है। मेरी सरकार से मांग है कि हादसे की जांच हो एवं दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाए।

विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने सीतापुरा के जी-ब्लॉक स्थित अचल ज्वैल्स में सैप्टिक टैंक की सफाई के दौरान चार युवाओं की मौत पर गहरा दु:ख व्यक्त किया है। जूली ने इसके लिये लचर सिस्टम और सरकार की उदासीनता को जिम्मेदार ठहराया है।

प्रतिपक्ष के नेता जूली ने कहा कि सरकार ने 22 मई को बीकानेर में सेफ्टी टैंक में उतर काम कर रहे तीन सफाईवीरों की मौत को गम्भीरता से लिया होता तो चार युवा आकस्मिक काल का ग्रास नहीं बन पाते।

प्रतिपक्ष के नेता जूली ने सरकार से मांग की है कि मृतकों के परिजनों को आर्थिक सहायता प्रदान की जाए और इन घटनाओं की उच्च स्तरीय जांच करवाकर दोषियों के विरूद्ध कठोर कार्रवाई की जाए तथा भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति नहीं हो इसके लिये ठोस कदम उठाये जाएं।

करंट से मौत मामले में जयपुर डिस्कॉम पर दावा खारिज

जयपुर। अतिरिक्त जिला न्यायालय क्रम-2, महानगर प्रथम ने तीन साल पहले खेत में काम कर रहे व्यक्ति की बिजली के खंभे के ताण में आए करंट से मौत मामले में जयपुर डिस्कॉम की लापरवाही साबित नहीं होने पर 79.50 लाख रुपए का क्षतिपूर्ति दावा खारिज कर दिया।

पीठासीन अधिकारी सुप्रिया जोशी ने श्यामू बाई व अन्य का दावा खारिज करते हुए कहा कि वादी यह साबित नहीं कर पाया कि 16 जुलाई 2022 को मृतक सरदार सिंह की मौत बिजली के खंभे में लगी ताण में आए करंट से हुई है।

वादी ने दावे में कहा था कि प्रार्थिया का पति सरदार सिंह 16 जुलाई, 2022 को खेत में कृषि कार्य कर रहा था। उसी समय खेत में लगे बिजली के खंभे के ताण में करंट आने पर वह उसकी चपेट में आ गया और इससे उसकी मौत हो गई। ताण की सार-संभाल की जिम्मेदारी जयपुर डिस्कॉम की थी, लेकिन उसने लापरवाही बरती। इसलिए उन्हें जयपुर डिस्कॉम से क्षितपूर्ति राशि दिलवाई जाए।

सार-समाचार

'सर्वाइकल, ओवेरियन एवं यूट्रस कैंसर के रोगी का भी मां बनना संभव है'

जयपुर। भगवान महावीर कैंसर हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर में 31 वर्षीय सर्वाइकल कैंसर रोगी की सफल फर्टिलिटी स्पेयरिंग सर्जरी की गई। सर्जरी के जरिए ना सिर्फ कैंसर को निकाला बल्कि ओवरी का स्थान परिवर्तन करके महिला की मां बनने की संभावना को भी सुरक्षित किया गया। यह सर्जरी गायनी ऑन्कोलॉजिस्ट डॉ. अपूर्वा टॉक एवं उनकी टीम की ओर से कई गई। डॉ. अपूर्वा ने बताया कि हमारी कोशिश रहती है कि कैंसर का इलाज केवल बीमारी से लड़ना ही नहीं, बल्कि महिला की संपूर्ण ज़िंदगी की गुणवत्ता को बेहतर बनाना हो। फर्टिलिटी स्पेयरिंग सर्जरी एक उम्मीद है उन युवतियों के लिए जो मां बनने का सपना नहीं छोड़ना चाहती है। आज के समय में युवतियों में भी कैंसर के मामले बढ़ते जा रहे हैं, खासकर गायनेकोलॉजिकल कैंसर (जैसे सर्वाइकल, ओवेरियन, यूट्स कैंसर)। अक्सर कैंसर का इलाज महिलाओं की प्रजनन क्षमता को खत्म कर देता है, जिससे वे मां नहीं बन पातीं। लेकिन अब उपचार की पद्धतियों में बहुत बदलाव आ गया है। फर्टिलिटी स्पेयरिंग सर्जरी एक आधुनिक और संवेदनशील तकनीक, जो युवा महिलाओं को कैंसर के इलाज के साथ-साथ भविष्य में मां बनने का अवसर भी देती है।

जुआ खेल रहे 12 जुआरी गिरफ्तार

जयपुर। भट्टा बस्ती थाना पुलिस ने एक ही दिन में सात अलग-अलग जगहों पर कार्रवाई करते हुए 12 जुआरियों को पकड़ा है और उनके पास से 23 हजार रुपये की जुआराशि भी जब्त की है। पुलिस उपायुक्त जयपुर उत्तर राशि डोगरा डूडी ने बताया कि भट्टा बस्ती थाना पुलिस ने एक ही दिन में सात अलग-अलग जगहों पर जुआरियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए जमील, रफीक, रमेश, मोहसिन, भोला कुमार, अशरफ, मोहम्मद साजिद, चांद, कल्ला, ताराचंद और विष्णु थापा को गिरफ्तार किया है और सभी आरोपित शास्त्री नगर और भट्टा बस्ती इलाके के रहने वाले है। जिनके पास से 23 हजार रूपये की जुआ राशि बरामद की है।

चरस की तस्करी करने वाला गिरफ्तार

जयपुर। जयपुर कमिश्नरेट की स्पेशल टीम (सीएसटी) ने ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत श्याम नगर थाना इलाके में कार्रवाई करते हुए अवैध मादक पदार्थ चरस की तस्करी करने वाले एक तस्कर को पकडा है और उसके पास से 212 ग्राम अवैध मादक पदार्थ चरस भी जब्त की है। फिलहाल आरोपी तस्कर से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त (अपराध) कुंदन कंवरिया ने बताया कि पुलिस कमिश्नरेट की ओर से चलाए जा रहे ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत श्याम नगर थाना इलाके में कार्रवाई करते हुए अवैध मादक पदार्थ चरस की तस्करी करने वाले तस्कर 24 वर्षीय अभिषेक पगारिया निवासी कांकरोली जिला राजसमंद को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने कार्रवाई के दौरान आरोपी के पास से 212 ग्राम अवैध मादक पदार्थ चरस बरामद की है। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि यह मादक पदार्थ चरस गुलाब बाग जिला उदयपुर से मोइन खान नाम के व्यक्ति से 25 हजार रुपये में खरीद कर दो सौ फुट बाईपास और बगरू जयपुर में 10-10 ग्राम की पुड़िया बना कर बेचना स्वीकार किया है।

कार-ट्रक की टक्कर में सगे भाइयों समेत तीन की मौत

यूपी से खाटूश्यामजी जा रहे थे युवक, ट्रक से आमने-सामने की टक्कर

जयपुर। जयपुर ग्रमीण जिले के रायसर थाना इलाके में मंगलवार को ट्रक और कार की टक्कर में तीन युवकों की मौत हो गई। वहीं दो गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार कार सवार युवक खाटूश्यामजी दर्शन के लिए जा रहे थे।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जयपुर ग्रामीण नारायण लाल तिवाड़ी ने बताया कि हादसा रतनपुरा गांव के पास गठवाड़ी मोड़ के राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 148 पर हुआ था। जहां कार सवार युवक रायबरेली (उत्तरप्रदेश) के रहने वाले सीकर के खाटू श्याम के दर्शन करने के लिए जा रहे थे।

मुख्य मार्ग पर कार ओवर टेक करने के दौरान सामने से आ रहे ट्रक से टकरा गई। कार में मौजूद अजय यादव,अभय यादव दोनों सगे भाई और आकाश यादव की मौके पर मौत हो गई। वहीं, शिवम मॉर्य और शुभम शर्मा गम्भीर रूप से घायल हो गए। जिन का निम्स में उपचार चल रहा हैं। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार पूरी तरह चकनाचूर हो गई। शव वाहन में बुरी तरह फंस गए। घटना के तुरंत बाद आस-पास के ग्रामीण दौड़कर कर मौके पर पहुंचे। आधे घंटे की मशक्कत के बाद कार में फंसे शवों और घायलों को बाहर निकाला। इस बीच पुलिस और हाईवे पेट्रोलिंग टीम के देरी से पहुंचने पर स्थानीय लोगों का गुस्सा फूट पड़ा। ग्रामीणों ने मौके पर हंगामा कर प्रशासन को जमकर खरी-खोटी सुनाई। एम्बुलेंस की सहायता से घायलों को तत्काल निम्स अस्पताल भेजा गया। जहां दोनों की हालत गंभीर बनी हुई है। मृतकों के शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। परिजनों को सूचना दे दी गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। हादसे के बाद फरार ट्रक चालक की तलाश जारी है।

जयपुर ग्रमीण जिले के रायसर थाना इलाके में मंगलवार को ट्रक और कार की टक्कर में तीन युवकों की मौत हो गई।

घर में घुसकर पार्सल से भरे प्लास्टिक बैग्स चोरी

जयपुर। ब्रह्मपुरी थाना इलाके में दिनदहाड़े घर में घुसकर चोरी करने का मामला सामने आया है। बाइक पर आए बदमाश पार्सल से भरे तीन प्लास्टिक बैग चोरी कर ले गए। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोरों की तलाश कर रही है। पुलिस ने बताया कि गलता गेट के मीनों का मोहल्ला निवासी जितेंद्र कुमार मीना ने मामला दर्ज करवाया कि वह प्राइवेट कंपनी में डिलीवरी बॉय का काम करता है। ब्रह्मपुरी में रहने वाले दुकानदार के घर से पार्सल के प्लास्टिक बैग डिलीवरी के लिए जाते है। 19 मई को रोज की तरह जितेंद्र कुमार दुकान के पास पार्सल का प्लास्टिक बैग लेने गया था। दिनदहाड़े घर के अंदर घुसकर बदमाश पार्सल के तीन प्लास्टिक बैग चोरी कर ले गए। दुकानदार के घर पहुंचने पर बैग गायब मिले। घर के अंदर-बाहर लगे सीसीटीवी फुटेज खंगालने पर चोरों की करतूत कैद मिली। चोरी करने के लिए दो बदमाश बाइक पर आए थे। घर के बाहर बाइक पर बैठकर एक बदमाश निगरानी करने लगा। दूसरा बदमाश घर के अंदर घुसकर पार्सल के तीन प्लास्टिक बैग उठाकर ले गया। महज कुछ ही सेकेंड में बैग चोरी कर बाइक सवार साथी के साथ फरार हो गया। चोरी गए बैग में करीब 14 हजार रुपए कीमत के पार्सल रखे थे।

चोरी करने वाली गुजराती गैंग की तीन महिलाओं को गिरफ्तार

माणक चौक थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए चोरी करने वाली गुजराती गैंग की तीन महिलाओं को गिरफ्तार किया है।

जयपुर। माणक चौक थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए चोरी करने वाली गुजराती गैंग की तीन महिलाओं को गिरफ्तार किया है और उनके पास से चोरी का माल पन्ने,पुखराज के पैकेट जब्त किए गए है। पुलिस के अनुसार जब्त किए गए माल की बाजार कीमत पचास लाख रुपये आंकी गई है। फिलहाल आरोपी महिलाओं से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर उत्तर राशि डोगरा डूडी ने बताया कि माणक चौक थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए चोरी करने वाली गुजराती गैंग की शातिर महिला 23 वर्षीय पुष्पा,22 वर्षीय मनीषा और 26 वर्षीय शोभा को गिरफ्तार किया है और तीनों ही आरोपित महिला अहमदाबाद गुजरात की रहने वाली है। जिनके पास से एक मई को पीडित सुधांशु जायसवाल से ई-रिक्शा बैठने के दौरान चुराया गया पचास लाख रुपये के पन्ने,पुखराज के पैकेट जब्त किए गए है। पुलिस पूछताछ में और भी कई वारदातें खुलने की आशंका जताई जा रही है।

बाइक्र्स गैंग ने बालिका व युवक के गले से तोड़ी सोने की चेन

जयपुर। शहर में बाइक्र्स गैंग का आंतक थमने का नाम नहीं रहा है। शहर में इस गैंग ने दो लोगों को अपना शिकार बनाया है। चित्रकूट थाना इलाके में बाइक सवार दो बदमाशों ने पांच मिनट के अंतराल में ही एक बालिका और युवक के गले पर झपट्टा मार कर सोने की चेन तोड़कर ले गए।

जगदम्बा कॉलोनी निवासी चंद्रप्रकाश ने मामला दर्ज करवाया कि वह परिवार के साथ पैदल घूमने निकला था। इसी दौरान नर्सरी सर्किल के पास पीछे से बाइक सवार दो बदमाश आए और उसकी बेटी के गले पर झपट्टा मार कर सोने की चेन तोड़कर ले गए। इस अप्रत्याशित घटना में वह कुछ समझ पाता तब तक बदमाश तेज गति से बाइक चलाकर गलियों में ओझल हो गए। इस पर पीडित थाने पहुंचा और मामला दर्ज करवाया। पुलिस ने मामला दर्ज कर घटना स्थल और उसके आस-पास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। घटना 25 मई की रात करीब पौने नौ बजे की है।

दूसरी घटना में संजय नगर निवासी सोनाली शर्मा ने मामला दर्ज करवाया कि वह बाजार जा रही थी। भानुका ज्वैलर्स के सामने पीछे से बाइक सवार दो बदमाश आए और उसके गले पर झपट्टा मार कर सोने की चेन तोड़कर ले गए।

इस घटना में पीडिता कुछ समझ पाती बदमाश तेज गति से बाइक चलाकर गलियों में ओझल हो गए। घटना 25 मई की रात करीब पौने नौ बजे की है। पुलिस ने दोनों मामले दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

इसके अलावा श्याम नगर थाना इलाके में दिनदहाड़े बाइक सवार दो बदमाश एक महिला के गले से सोने की चेन तोड़कर ले गए।

पुलिस के अनुसार कृष्ण विहार निवासी अंजू सैनी ने मामला दर्ज करवाया कि वह 25 मई की दोपहर बाजार जा रही थी।

इसी दौरान देवी नगर नाले के पास पीछे से बाइक सवार दो बदमाश आए और उसके गले से सोने की चेन तोड़कर भाग निकले। पीडिता ने आरोपियों को पकड़ने का प्रयास भी किया, लेकिन इस प्रयास में उसका संतुलन बिगड़ गया था और गिरकर घायल होने से बाल-बाल बच गई।

देवनानी कल उदयपुर जाएंगे

जयपुर। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी 29 मई को उदयपुर जाएंगे। देवनानी इस एक दिवसीय यात्रा के दौरान उदयपुर में विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेंगे। देवनानी जयपुर से प्रात: वायुयान द्वारा उदयपुर पहुंचेंगे।

देवनानी उदयपुर में प्रात: 8 बजे प्रताप गौरव केंद्र पहुंचकर महाराणा प्रताप जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित पुष्पांजलि कार्यक्रम में भाग लेंगे। देवनानी उदयपुर के होटल रेडिसन में गुरुवार को ही प्रात: 9:30 बजे आयोजित वर्तमान एवं पूर्व विधान सभा अध्यक्षों के समागम समारोह को भी संबोधित करेंगे। देवनानी उदयपुर के झाड़ोल में स्वामी विवेकानंद की मूर्ति का अनावरण भी करेंगे।

नौकर पति-पत्नी ने डॉक्टर को भी लूटा था

जयपुर। सिंधी कैम्प थाना पुलिस ने घर से 50 लाख के गहने लूटकर भागे नौकर पति-पत्नी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। दोनों ने जयपुर में एक अन्य बड़ी चोरी की वारदात करना भी कबूला है। पुलिस गिरफ्त में आरोपी चुन्नी उर्फ आरती ने बताया कि पति के साथ मिलकर साल 2024 में डॉक्टर अशोक गुप्ता के घर से 50 से 60 लाख रुपए के जेवरात और नगदी चोरी की थी। डॉक्टर अशोक गुप्ता ने इसकी रिपोर्ट मालवीय नगर थाने में दर्ज कराई गई थी। अब सिंधी कैम्प थाना पुलिस को शक है कि यह चोर पति-पत्नी पहले भी कई वारदातों को अंजाम दे चुके हैं। सीआई श्याम सुंदर ने बताया कि सिंधी कैम्प थाने में राजेश बाकलीवाल की रिपोर्ट दी थी की उनके घर पर काम करने वाले नौकर दिनेश कुमार (23) निवासी धनौजा मधुवनी (बिहार) और उसकी पत्नी चुन्नी उर्फ आरती (22) ने मकान से लाखों रुपए के जेवरात और नगदी चोरी की।

इस पर बदमाशों को पकड़ने के लिए टीम बिहार भेजी गई। पुलिस ने नौकर पति-पत्नी को गिरफ्तार कर लूटा हुआ माल रिकवर किया। अन्य माल की रिकवरी के लिए पुलिस ने दोनों को रिमांड पर लिया। इसी दौरान पुलिस पूछताछ में आरोपी चुन्नी उर्फ आरती ने पुलिस को बताया- साल 2024 में मालवीय नगर में रहने वाले डॉक्टर अशोक गुप्ता के घर में काम करते थे। यहां से भी 50-60 लाख रुपए की ज्वेलरी, गोल्ड और कैश रुपए चोरी किए थे। इस संदर्भ में पुलिस थाना मालवीय नगर ने रिपोर्ट दर्ज की थी।

सरपंचों के माध्यम से पात्र ऋणी सदस्यों को किया जाए प्रोत्साहित : मंजू राजपाल

मुख्यमंत्री अवधिपार ब्याज राहत योजना के क्रियान्वयन की समीक्षा बैठक

जयपुर। सहकारिता विभाग की प्रमुख शासन सचिव एवं रजिस्ट्रार, सहकारी समितियां मंजू राजपाल ने कहा कि सहकारी भूमि विकास बैंकों के समस्त पात्र ऋणी सदस्यों को मुख्यमंत्री अवधिपार ब्याज राहत योजना का लाभ दिलवाया जाना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि जिन प्राथमिक सहकारी भूमि विकास बैंकों में योजना के अंतर्गत प्रगति धीमी है, वे विशेष प्रयास कर वसूली में सुधार के प्रयास करें।

■ **'धीमी प्रगति वाले पीएलडीबी वसूली में सुधार के करें विशेष प्रयास'**

राजपाल मंगलवार को अपेक्स बैंक सभागार में प्राथमिक सहकारी भूमि विकास बैंकों में मुख्यमंत्री अवधिपार ब्याज राहत योजना के क्रियान्वयन की समीक्षा बैठक को सम्बोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा कि योजना से लाभान्वित करने के लिए सरपंचों को पात्र ऋणियों की सूची उपलब्ध करवाकर उनके माध्यम से पात्र व्यक्तियों को प्रोत्साहित किया जाए। योजना के पात्र व्यक्तियों को एकत्र कर सरपंच की उपस्थिति में प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा समझाइस के माध्यम से भी ऋणी सदस्यों को योजना का लाभ लेने के लिए प्रोत्साहित किया जा सकता है। उन्होंने निर्देश दिए कि पीएलडीबी के प्रशासक एवं अध्यक्षों को भी मुख्यमंत्री अवधिपार ब्याज राहत योजना के क्रियान्वयन में शामिल किया जाए। साथ ही, ग्राम सेवा सहकारी समितियों एवं स्थानीय एनजीओ को भी इस कार्य में सम्मिलित किया जाए।

सहकारिता विभाग की प्रमुख शासन सचिव एवं रजिस्ट्रार, सहकारी समितियां मंजू राजपाल ने मंगलवार को अपेक्स बैंक सभागार में समीक्षा बैठक को सम्बोधित किया।

प्रमुख शासन सचिव ने कहा कि सभी अतिरिक्त रजिस्ट्रार (खण्ड), उप रजिस्ट्रार एवं केन्द्रीय सहकारी बैंकों के प्रबंध निदेशकों को भी प्राथमिक सहकारी भूमि विकास बैंकों को फिर से मुख्यधारा में लाने के लिए एकजुट होकर कार्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि योजना का लाभ लेने वाले ऋणी सदस्यों को पुन: नया ऋण उपलब्ध करवाया जाए, जिससे उन्हें 5 प्रतिशत ब्याज अनुदान योजना का भी लाभ मिल सके। राजपाल ने कहा कि जिन प्राथमिक सहकारी भूमि विकास बैंकों में हाल ही में नये सचिवों को कार्यभार सौंपा गया है, वे त्वरित रूप से सक्रिय होकर योजना में अपेक्षित प्रगति सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिए कि योजना के अंतर्गत जिन लाभार्थियों को बड़ी राहत मिलती है, उनका विभिन्न माध्यमों से व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए ताकि अन्य ऋणी सदस्य भी योजना का लाभ लेने के लिए प्रोत्साहित हो सकें।

राजपाल ने योजना में राज्य औसत से अधिक प्रगति के लिए दौसा, बिलाड़ा, भीलवाड़ा, बीकानेर, चूरू एवं रायसिंहनगर आदि पीएलडीबी की सराहना करते हुए और अधिक प्रगति हासिल करने के लिए निरन्तर सक्रिय रहने के निर्देश दिए। उन्होंने 10 करोड़ रुपये से अधिक अवधिपार ऋण एवं एक हजार से अधिक पात्र ऋणियों वाले प्राथमिक सहकारी भूमि विकास बैंकों को वसूली के लिए विशेष प्रयास करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अतिरिक्त रजिस्ट्रार (खण्ड) अधिक अवधिपार राशि एवं कम वसूली करने वाले प्राथमिक सहकारी भूमि विकास बैंकों की नियमित रूप से मॉनिटरिंग करें।

बैठक में राज्य सहकारी भूमि विकास बैंक के प्रबंध संचालक जितेन्द्र प्रसाद ने योजना के अंतर्गत नोटिस तामील और पात्र ऋणियों से वसूली की प्रगति से अवगत कराते हुए बताया कि अब तक लगभग 44 करोड़ रुपये की वसूली की जा चुकी है।

उन्होंने बताया कि राज सहकार एप सीएम ओटीएस 2025-26 पोर्टल का उद्घाटन 9 मई को सहकारिता मंत्री द्वारा किया जा चुका है तथा पोर्टल के माध्यम से ही वसूली रसीद और प्रमाण पत्र जारी किए जा रहे हैं।

बैठक में राज्य सहकारी भूमि विकास बैंक के वरिष्ठ अधिकारी, समस्त अतिरिक्त रजिस्ट्रार (खण्ड), जिला उप रजिस्ट्रार एवं प्राथमिक सहकारी भूमि विकास बैंकों के सचिव उपस्थित रहे।

मानसून से पहले बाढ़ नियंत्रण एवं बचाव के समस्त आवश्यक इंतजाम सुनिश्चित हों : जितेन्द्र कुमार

जिला कलेक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने कलक्ट्रेट सभागार में मंगलवार को जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की बैठक को संबोधित किया।

जयपुर। जिला कलेक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने अधिकारियों को मानसून सीजन से पहले बाढ़ नियंत्रण एवं बचाव के सभी आवश्यक इंतजाम सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं। कलक्ट्रेट सभागार में मंगलवार को जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की बैठक का आयोजन हुआ। जिसमें मानसून पूर्व तैयारियों की समीक्षा की गई।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने विभागीय अधिकारियों को अलर्ट मोड पर रहते हुए आपसी समन्वय स्थापित करते हुए बाढ़ नियंत्रण एवं बचाव कार्यों को सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उन्होंने जयपुर विकास प्राधिकरण, नगर निगम जयपुर ग्रेटर एवं जयपुर हैरिटेज के अधिकारियों को सिवरेज एवं नालों की गुणवत्तापूर्ण सफाई का कार्य जल्द से जल्द पूर्ण करने, सफाई के बाद सड़क पर जमा कीचड़ एवं गंदगी का उठाव करवाने, खुले सिवरेज के खुले चैंबर्स और मेनहोल पर ढक्कन लगावाने एवं नालों पर फैरो कवर लगवाने के निर्देश दिये। जिला कलक्टर ने बाढ़ नियंत्रण कक्षों की स्थापना के साथ-साथ मिट्टी के कट्टों, ट्रेक्टर-ट्रॉलियों, जेसीबी, पोकलेन, मडपंप, सहित मानव संसाधन की उपलब्धता भी सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया।

बैठक में जिला कलक्टर ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को ढीले तारों को कसने, झुके हुए बिजली के पोलों को सीधा करने, खुले फीडरों बंद करने, खुले तारों को दुरुस्त करने एवं लो-लाइन पैनल बॉक्स एवं ट्रांसफार्मर को ऊंचाई पर लगवाने एवं मानसून सीजन के दौरान निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने, जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को पाइप लाइन की लीकेज दुरुस्त करने, आवश्यकता होने पर टैंकरों से पेयजल आपूर्ति की व्यवस्था करने के निर्देश दिये। जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने जल संसाधन विभाग के अधिकारियों को जिले के सभी बांधों पर सहज दृश्य एवं बड़े अक्षरों में अंकित चेतावनी बोर्ड लगवाने के निर्देश दिये। उन्होंने पंचायती राज एवं ग्रामीण विकास विभाग के अधिकारियों को जिले के सभी छोटे बड़े तालाबों पर चेतावनी बोर्ड लगावाने के निर्देश दिये। बैठक में सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारियों को रपट क्षेत्र एवं लो-लाइन एरिया की टूट, रेलिंग एवं जंजीर को दुरुस्त करवाने, बांधों की आवश्यकता अनुसार मरम्मत करवाने के लिए निर्देशित किया गया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि अतिवृष्टि होने पर भूमि कटाव और जलभराव से निपटने एवं रेस्क्यू ऑपरेशन के लिए आवश्यक उपकरणों की उपलब्धता रखी जाए।

जिला कलक्टर ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि वे अपने यहां बाढ़ नियंत्रण कक्ष स्थापित कर ले एवं उन पर पूरी जानकारी रखने वाले अधिकारियों को ही नियुक्त किया जाए। उन्होंने चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, रसद विभाग, पुलिस, एसडीआरएफ, सिविल डिफेंस, वन विभाग, नगर निगम, जेडीए, जयपुर मैट्रो, गृह सुरक्षा, शिक्षा, पशुपालन सहित अन्य कई विभागों के अधिकारियों को भी मानसून के दौरान विभागीय स्तर पर अपेक्षित समस्त इंतजाम दुरुस्त रखने के निर्देश प्रदान किए। बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर (दक्षिण) संतोष कुमार मीणा, अतिरिक्त जिला कलक्टर (पूर्व) गोपाल सिंह शेखावत सहित, संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहें।